


सांध्य दैनिक

# 4PM



आस्था वो पक्षी है जो सुबह अँधेरा होने पर भी उजाले को महसूस करती है।
–रबिन्द्रनाथ टैगोर

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 10 ● अंकः 234 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, सोमवार, 30 सितम्बर, 2024



बांग्लादेश की पहली पारी 233 रनों... 7
हरियाणा में अब दामाद व दलाल... 3
बुलडोलर से 'राजनीतिक क्रूरता'... 2


# राहुल-प्रियंका ने पीएम मोदी पर किए तीखे प्रहार

## बोले–अमीरों की है एनडीए सरकार

## कांग्रेस बोली- हम हरियाणा में किसानों और गरीबों की सरकार चाहते हैं

» भाजपा ने भी किया पलटवार- कांग्रेस को मोदी से लगता है डर

» छोटी पार्टियों का रिमोट कंट्रोल बीजेपी के हाथ में

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। हरियाणा में चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच गया है। कांग्रेस और भाजपा का एक दूसरे पर हमला करने का सिलसिला भी तेज हो गया है। जहां नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार व पीएम मोदी पर तीखा प्रहार किया है। वहीं भाजपा ने भी कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर पलटवार करके उनके बयानों पर उन्हें घेरा है। उधर कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में बदलाव होगा। हरियाणा सरकार बनाना पहला कदम होगा।

उन्होंने कहा हरियाणा में बदलाव होगा लेकिन जब दिल्ली में सरकार आएगी तो मैं जानता हूं कि गरीबों की जेब में कितना पैसा जा रहा है और उनकी जेब से कितना पैसा निकल रहा है और मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। अंबाला में कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि महिला शक्ति योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 2000 रुपये जमा किये जायेंगे। एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करेंगे और विधवाओं, बुजुर्गों और विकलांगों के बैंक खातों में हर महीने 6000 रुपए जाएंगे। गारंटीशुदा एमएसपी दी जाएगी। सब जो छोटी पार्टियां यहां (हरियाणा में) चुनाव लड़ रही हैं) वे भाजपा की पार्टी हैं। उनका रिमोट कंट्रोल उनके हाथ में है। उन्होंने रकहा कि लड़ाई बीजेपी और कांग्रेस के बीच है। यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ न्याय है, दूसरी तरफ अन्याय। यह मोदी जी की सरकार नहीं है। ये अडानी की सरकार है। हम हरियाणा में अडानी जी जैसे लोगों की सरकार नहीं चाहते। हम हरियाणा में किसानों और गरीबों की सरकार चाहते हैं।



### रोजगार सृजन को लेकर मोदी सरकार ने डेटा से की छेड़छाड़ : जयराम

कांग्रेस ने रोजगार सृजन डेटा पर सरकार के दावों पर सवाल उठाया और कहा कि कोई भी स्पिन डॉक्टरिंग इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकती है कि 2014-2024 में नौकरियों के आभाव में वृद्ध देखी गई। संदर्भ जुलाई में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) केएलईएमएस (पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाओं के लिए संक्षिप्त नाम) डेटा रिपोर्ट का हवाला दिया जा रहा है। इसमें कहा गया था कि पिछले तीन-चार में लगभग 80 करोड़ नई नौकरियां पैदा हुईं। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी व्यापक बेरोजगारी के विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए उसी रिपोर्ट का हवाला दिया था। तथ्य का हवाला देते हुए कांग्रेस ने दावा किया कि मौजूदा सत्ताधारी सरकार ने महिलाओं द्वारा किए गए अवैतनिक घरेलू काम को रोज़गार के बराबर माना है, जो कोई नया रोजगार सृजन नहीं है।



### स्वाभिमान से जीना चाहते हो तो इस सरकार को उखाड़ फेंको : प्रियंका

इस दौरान प्रियंका ने कहा कि हमारे पहलवानों के साथ क्या किया गया? उन्हें सड़क पर बैठाया गया, वे विरोध करते रहे। प्रधानमंत्री के पास उनसे मिलने के लिए 5 मिनट भी नहीं थे। और फिर आप सभी ने देखा कि हाल ही में ओलंपिक में क्या हुआ। आप लड़ने वाले लोग हैं, आप स्वाभिमानी हैं। आप महंगाई के खिलाफ लड़ रहे हैं, संघर्ष कर रहे हैं। सरकार आपके लिए कुछ नहीं कर रही। अगर आज स्वाभिमान से जीना चाहते हो, न्याय चाहते हो तो इस सरकार को उखाड़ फेंको।

### खरगे पर बरसे शाह, कहा- कितनी नफरत है पीएम मोदी से

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाए बिना मरने वाला नहीं हूं बयान पर सियासी विवाद गहरा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खरगे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अरुचिकर और अपमानजनक व्यवहार करके खुद अपने नेताओं और अपनी पार्टी को पीछे छोड़ दिया है। भाजपा नेता अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, कल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने भाषण में अपमानजनक बातें कहकर खुद अपने नेताओं और अपनी पार्टी को पीछे छोड़ दिया है। अपनी कटुता का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बेवजह प्रधानमंत्री को अपने निजी स्वास्थ्य मामलों में यह कहकर घसीटा कि वह पीएम मोदी को सत्ता से हटाने के बाद ही मरेंगे। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि कांग्रेस के लोगों को पीएम मोदी से कितनी नफरत और डर है कि वे लगातार उनके बारे में सोचते रहते हैं। जहा तक खरगे के स्वास्थ्य की बात है पीएम मोदी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वे लंबे समय तक स्वस्थ रहें। वे कई वर्षों तक जीवित रहें और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण देखने के लिए जीवित रहें।



# सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को लगाई फटकार

» जस्टिस बोले- भगवान को राजनीति में न घसीटें

» मुख्यमंत्री नायडू के प्रेस जाने पर भी कोर्ट नाराज

» तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में मिलावट मामले में सुनवाई

» शीर्ष अदालत ने उठाए कई सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। तिरुपति देवस्थानम मंदिर के लड्डुओं में कथित रूप से पशुओं की चर्बी मिलाए जाने के मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जा रही है। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा रिपोर्ट बिल्कुल भी स्पष्ट नहीं है, अगर आपने पहले ही जांच के आदेश दे दिए थे, तो प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? रिपोर्ट जुलाई में आई, बयान सितंबर में आया।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले में प्रेस क्यों गए, हम उम्मीद करते हैं कि ईश्वर को राजनीति से दूर रख जाए। रिपोर्ट साफ कहती है कि घी इस्तेमाल नहीं हुआ। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाई वी सुब्बा रेड्डी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुब्रह्मण्यम स्वामी की याचिका में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच की मांग की है। जबकि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाई वी सुब्बा रेड्डी ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज के अधीन स्वतंत्र एसआईटी बनाकर इन आरोपों की जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं राज्य सरकार ने याचिकाओं का विरोध किया है।



### 'निर्माण सामग्री बिना जांच के रसोई घर में जा रही थी'

जस्टिस भूषण आर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुब्रमण्यन स्वामी के वकील ने कहा निर्माण सामग्री बिना जांच के रसोई घर में जा रही थी, जांच से खुलासा हुआ है, जबकि जिम्मेदार सिस्टम होना चाहिए ?क्योंकि ये देवता का प्रसाद होता है, जनता और श्रद्धालुओं के लिए वो परम पवित्र है, सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि इस आरोप से सद्भावना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, आरोपों के बाद तिरूपति देवस्थानम के अधिकारी ने खुद कहा है कि मिलावटी घी का इस्तेमाल कभी नहीं किया गया है। वकील मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्वामी खुद टीटीडी (तिरूमुला तिरूपति देवस्थानम) में मेंबर रह चुके है, स्वामी वर्तमान सरकार को निशाना बना रहे हैं।

### धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए : जस्टिस गवंई

देवस्थानम के वकील लुथरा ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं। जस्टिस गवई ने इसपर कहा कि फिर तुरंत प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए, जबकि जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि इस बात का सबूत कहां है कि यही घी लड्डू बनाने में इस्तेमाल किया गया था। कितने ठेकेदार सप्लाई कर रहे थे. क्या मान्यता प्राप्त घी मिलाए गए हैं। कहीं भी यह स्पष्ट नहीं है कि इसे उपयोग किया गया था यह परीक्षण किया गया है, और रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में है, लेकिन जांच अभी लंबित है।

### असम में बुलडोजर एक्शन पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने असम के सोनापुर में बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बरकरार रखने का निर्देश दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरण को कोर्ट के आदेश के उल्लंघन पर नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीती 17 सितंबर को अपने एक आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट की बिना पूर्व अनुमति के देशभर में कहीं भी बुलडोजर से तोड़फोड़ नहीं होगी।

# बुलडोजर से 'राजनीतिक क्रूरता' कर रही भाजपा : अखिलेश यादव

» बोले- गिरते घर के साथ और नीचे गिर रही है बीजेपी

» 17 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**फर्रुखाबाद। सपा मुखिया व यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने अतिक्रमण के नाम पर ध्वस्तीकरण पर एकबार फिर सवाल उठाते हुए बीजेपी की योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। सपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिला प्रशासन द्वारा हरित ऊर्जा गलियारे के निर्माण के लिए मोहम्मदाबाद ब्लॉक के उखरा गांव में कथित अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई 'राजनीतिक क्रूरता' की हद है।**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा प्रमुख ने इस मामले को लेकर 17 सेकंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जिसमें बुलडोजर की कार्रवाई दिख रही है। प्रशासन के अनुसार, उखरा गांव में वर्षों से अवैध रूप से कब्जा की गई बंजर भूमि पर शनिवार शाम कार्रवाई शुरू की गई। तहसीलदार (सदर) श्रद्धा पांडेय ने बताया कि लगभग डेढ़ हेक्टर जमीन पर लोगों का कब्जा है, जिसको हरित ऊर्जा गलियारे के लिए ग्राम समाज की सहमति पर अधिग्रहण किया गया है। पांडेय ने कहा, कि जमीन सरकारी है व बंजर भूमि है, जिस पर लोग अवैध रूप से कब्जा किए हुए थे। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया,ये है प्रतिशोध से भरी भाजपाई राजनीति का वीभत्स चेहरा। भाजपा बसे-बसाये घरों को गिराकर सुख पाती है। जिन्होंने अपने घर नहीं बसाये, पता नहीं वो दूसरों के घर गिराकर किस बात का बदला लेते हैं यादव ने कहा, हर गिरते घर के साथ भाजपा भी और भी नीचे गिर जाती है।



## सपा प्रमुख ने प्रत्याशियों को तैयारी करने को कहा

यूपी की दस विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों को लेकर अखिलेश यादव ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सपा नेतृत्व ने विधानसभा उपचुनाव वाली ज्यादातर सीटों पर अपने प्रत्याशियों को तैयारी करने के संकेत दे दिए हैं। हालांकि, इनके नाम की आधिकारिक रूप से अभी घोषणा नहीं की गई है। चुनाव आयोग के अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में कार्यक्रम घोषित करने की संभावना है। करहल सीट सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के इस्तीफे से रिक्त हुई है। यहां से पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को तैयारी में जुटने के लिए कह दिया गया है। मिल्कीपुर (अयोध्या) सीट से फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद अपने बेटे अजीत प्रसाद के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्हें टिकट दिए जाने का भरोसा भी सपा नेतृत्व से मिल चुका है। कटेहरी सीट सांसद लालजी वर्मा के सांसद चुने जाने से खाली हुई है और यहां से उनकी बेटी छाया वर्मा के लिए संकेत दे दिए गए हैं।

### सीसामऊ व कुंदरकी में जुटे संभावित उम्मीदवार

अखिलेश यादव के नजदीकी नेताओं के मुताबिक, कुंदरकी से पूर्व विधायक रिजवान तैयारी में जुट गए हैं। खैर में ओमपाल सिंह ने संपर्क शुरू कर दिया है। वे वर्ष 2017 का चुनाव वहां से रालोद के टिकट पर लड़े थे। मीरापुर से पूर्व विधायक कादिर राणा और सीसामऊ से इरफान सोलंकी के परिवार के ही किसी सदस्य को लड़ाए जाने की पूरी संभावना है। गाजियाबाद, मझवा और फूलपुर सीटों के लिए अभी मंथन चल रहा है।

# भाजपा नेता संगीत सोम के बिगड़े बोल

» बोले- अधिकारी नहीं सुधरेंगे तो जनता से जूतों से पिटवाऊंगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**मेरठ। सरधना से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि अगर अधिकारी सही से काम नहीं करेंगे, कानून का पालन नहीं करेंगे तो जनता से जूतों से पिटवाऊंगा। क्षत्रिय समाज को एकजुट होकर राजनीति में मजबूत पकड़ बनानी होगी। समाज की बुराइयां आपस में बैठकर निपटाएं। जमींदारी भावना त्याग कर समाज के कमजोर लोगों की मदद को आगे आएं।**

यह बातें उन्होंने मुरादाबाद में मूंढापांडे के भीतखेड़ा गांव में आयोजित क्षत्रिय स्वाभिमान एवं चिंतन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संगीत सोम ने अपने पुराने बयान को फिर दोहराया। कहा कि पत्रकार बंधु मुझसे पूछ रहे थे कि आपने एक अधिकारी को धमकाया था। आपके बयान का ऑडियो खूब वायरल हो रहा है। दूसरा नेता होता तो कहता कि नहीं वह मेरी आवाज नहीं है। मैंने कहा कि हां मैंने धमकाया। उन्होंने पुराना बयान दोहराते हुए कहा कि अगर अधिकारी सही से काम नहीं करेंगे और कानून का पालन नहीं करेंगे तो जनता से ही जूतों से पिटवाऊंगा। आप लोग कमजोरी की बात मत करें, कमजोर मत बनें। पूर्व विधायक ने कहा कि क्षत्रिय समाज को एकजुट होना होगा। पार्टियों से टिकट लेने में जद्दोजहद करनी पड़ती है। तलवार, बंदूक की लड़ाई छोड़कर एकजुट होकर राजनीतिक पकड़ मजबूत बनाएं।

# बिहार के गौरवशाली इतिहास पर हमला कर रहे लालू : उपेन्द्र

» बिहार को बलात्कार राज्य कहने पर लालू यादव पर भड़के

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**पटना। उपेन्द्र कुशवाहा ने राजद अध्यक्ष लालू यादव पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ बातें लिखी हैं जो सीधे तौर पर लालू यादव पर कहा है। इन पंक्तियों के सहारे उन्होंने यह भी कहा कि सीएम हाउस से अपराध की पटकथा लिखी जाती थी और अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। माननीय लालू प्रसाद यादव जी, जिस बिहार ने आपको अपने पलकों पर बिठाया, इतना विश्वास व्यक्त किया...!**

आज उसी बिहार के लिए 32 बार बिहार=बलात्कार कहना बिहारी अस्मिता और बिहार के गौरवशाली इतिहास पर हमला नहीं है क्या ? किसी क्षेत्र में बलात्कार जैसे जघन्य अपराध होना वहां के कुछ लोगों की आपराधिक मानसिकता का परिणाम है इसके आधार पर पूरे प्रदेश का



आपके द्वारा ऐसा नामकरण करना दुर्भाग्य की बात है। खास कर जिनके शासनकाल को बिहार और देशवासियों ने जंगलराज कहा है उन्हें तो कोई नैतिक अधिकार है ही नहीं कुछ बोलने का। आज यदि अपराध की कोई छिटपुट घटनाएं होती है तो अविलंब गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल होता है वहीं आपके जमाने में तो सीएम हाउस में ही अपराध की पटकथा लिखी जाती थी और अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। आज बिहार में कोई संगठित अपराध या अपराधी नहीं है जैसा की आपके शासन के दौरान उन 15 वर्षों में था। आज भी रूहें कांप जाती है उस काल को याद करके...!

# कांग्रेस व भाजपा के बहकावे में न आएं दलित : मायावती

» हरियाणा चुनाव में की अपील बसपा का साथ दें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी अब पूरी सधी हुई रणनीति के तहत चुनाव लड़ रही है। वह अब भाजपा व कांग्रेस पर समान तरीके से हमलावर रह रही, उसकी पूरी योजना दलित वोटों के बिखराव को रोकने की है। बसपा अब कांग्रेस को उसके ही हथियार से मात देने की रणनीति पर काम कर रही है। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस पर दलितों की उपेक्षा करने पर हमलावर बसपा ने दलित समाज से कांग्रेस का बहिष्कार करने की अपील की है। साथ ही, भाजपा को भी लपेटते हुए दलितों से अपना वोट खराब नहीं करने की अपील की है।**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि दलित समाज कांग्रेस और भाजपा को वोट देकर उसे खराब न करे। हरियाणा चुनाव




के दौरान कांग्रेस द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित होता है कि पार्टी में जब अभी सब ठीक नहीं है। दरअसल, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव में संविधान को बदले जाने और आरक्षण को समाप्त करने का भाजपा पर खुलेआम आरोप लगाया था। इससे दलित वोट बैंक का बसपा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। अब बसपा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विदेश में आरक्षण को लेकर दिए गए बयान को लेकर लगातार कांग्रेस पर हमलावर होती जा रही है। वह कांग्रेस को दलित विरोधी करार देने का कोई भी मौका नहीं चूक रही है। बहन मायावती ने कांग्रेस पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके नेता अब आरक्षण को समय आने पर खत्म करने की बात कर रहे हैं। लिहाजा दलित समाज अपना एकतरफा वोट बसपा को ही दे। बसपा ही दलितों को उनका संवैधानिक और शासक बनाने के लिए संघर्षशील है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के दलितों को भी कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों के मिथ्या वादों और बहकावे में नहीं आने की अपील की है। साथ ही इन दलों को दलित विरोधी इतिहास याद रखने को कहा है।

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव को लेकर दुख भी और खुशी भी : गुलाम नबी आजाद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**श्रीनगर। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष, गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों को लेकर मिली-जुली भावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वे एक साथ खुश भी हैं और दुखी भी। पूर्व जम्मू-कश्मीर मुख्यमंत्री ने कहा, परिणाम 8 अक्टूबर को आएंगे, अभी इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता।**

इसमें खुशी भी है और दुख भी। आजाद ने इस बात पर खुशी जताई कि 10 साल बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन अफसोस भी किया कि ये चुनाव पहले क्यों नहीं हुए, उन्होंने कहा, दुख की बात यह है कि पिछले 10 सालों में यहां एक और चुनाव होना चाहिए था, यह सिर्फ पहला चुनाव है, जबकि अब तक तीसरा चुनाव होना चाहिए था।



### मैं झूठ नहीं बोलता

जम्मू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, आजाद ने कहा, मैं धोखा नहीं देता, झूठ नहीं बोलता, और गुमराह नहीं करता। मुझे पता है कि कुछ लोग झूठ बोलने के आदी हो गए हैं और उन्हीं झूठ के आधार पर वोट हासिल करते हैं। लेकिन मैं सच बोलता हूं, जिसे समझने वाले बहुत कम हैं, मैं कभी झूठी उम्मीदें नहीं दूंगा और न ही कोई अव्यवहारिक वादा करूंगा।






# हरियाणा में अब दामाद व दलाल की एंट्री

# कांग्रेस ने घोषणापत्र में किए खुशहाली के वादे

» चुनावी रैलियों में भाजपा के बिगड़े बोल


» वाड्रा पर टिप्पणी को लेकर सियासी बवाल

» मायावती व दुष्यंत ने भी राज्य को मथना शुरू किया


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोटिंग होने हैं। राज्य में सियासी वार-पलटवार जारी है। सबसे ज्यादा भाजपा व कांग्रेस के बीच एक-दूसरे पर हमला जारी है। अब तो चुनावी भाषणों में दामाद व दलाल भी आने लगा है। वहीं भाजपा नेता अमित शाह द्वारा सोनिया गांधी के दामाद का नाम लेने पर भी सियासत गरमा गई है।

वाड्रा ने प्रहार करते हुए कहा कि मोदी व शाह की बोली खराब होती जा रही हे। वहीं आप ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल राज्य में ताबड़तोड़ रोड शो व रैलियां कर रह हैं। उधर मायावती भी भाजपा व कांग्रेस को आरक्षण के मुद्दे पर घेरने में जुटी हुई है। इस सबके बीच जेजेपी ने दावा करना शुरू कर दिया है भाजपा की अब राज्य में वापसी नही होगी। कांग्रेस ने अपना घोषणा भी जारी कर दिया है।



## अपनी नाकामी छुपाने के लिए मेरा नाम लेती है बीजेपी : राबर्ड वाड्रा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को दोहराते हुए हरियाणा की पिछली कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया था कि पहले डीलर्स, दामाद और दलाल काम करते थे, अब इस पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने हमला बोला है। उन्होंने कहा, बीजेपी के लोग अपनी नाकामी छुपाने के लिए मेरा नाम लेते हैं, मैं हमेशा सच्चाई के लिए लड़ा हूं। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री से उम्मीद करता है कि देश उन्नति की ओर जाए, लेकिन पीएम की भाषा खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा, चूंकि मैं गांधी परिवार का हिस्सा हूं इस वजह से हर चुनाव से पहले मुझे निशाना बनाते हैं। मैंने किसी किसान के साथ गलत नहीं किया। खुद मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने मुझे दो बार क्लीन चीट दिया। मुझे ईडी में बुलाया, दो कमिशन बैठाए, लेकिन कोर्ट ने कहा कि मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिला। इसके बावजूद मेरी कंपनी को, डीएलएफ को और कई लोगों को परेशान किया गया अगर ऐसा नहीं किया होता तो मैं कितना रोजगार भी हरियाणा के लोगों को दे पाता। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि राजनीतिक कारणों से सिर्फ मुझे ही नहीं पंडित जवाहरलाल नेहरू, सोनिया गांधी, इंदिरा गांधी, राहुल गांधी को निशाना बनाते हैं। इस दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब तो केंद्रीय गृह मंत्री भी मेरे बारे में बोल रहे हैं, वो चाहें दलाल बोलें या दामाद मैंने कुछ गलत नहीं किया है। खुद साल से हरियाणा में कुछ किया नहीं तो मेरा नाम लेकर वोटर्स के दिमाग को डायवर्ट करना चाहते है, लेकिन वोटर्स ने अब मन बना लिया है कि इस बार बीजेपी को हटाना है और कांग्रेस की सरकार बनानी है। हरियाणा में मुझे और मेरे काम को रोककर किसी का फायदा नहीं हुआ। मुझे जितना दबाओगे मैं उतना मजबूत होता जाऊंगा।

## हरियाणा में किसान, मजदूर एवं गरीब परेशान : मायावती



कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर आरक्षण समाप्त करने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न पार्टियों की सरकारें रहीं हैं लेकिन किसान, मजदूर एवं गरीब का उत्थान नहीं हो सका। फरीदाबाद के पृथला क्षेत्र के बाघौला में शुक्रवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी प्रमुख ने कहा, दलित, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को आंबेडकर के कड़े संघर्ष से सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिला। ए राजनीतिक दल आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। वर्तमान में भाजपा सरकार की नीयत भी आरक्षण को लेकर साफ नहीं है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय ने जब आपके आरक्षण पर चोट मारी, तो सभी पार्टियां चुप रहीं। किसी ने खुलकर नहीं बोला। सभी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने दावा किया, विदेश में जाकर (कांग्रेस नेता) राहुल गांधी ने सभी आरक्षण को खत्म करने का ऐलान कर दिया। हमें आरक्षण विरोधी पार्टियों को वोट नहीं देना है। मायावती ने लोगों से आरक्षण हित में और राज्य के विकास के लिए प्रदेश में बसपा गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बसपा का इनेलो के साथ गठबंधन है। जनसभा में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) महासचिव अभय चौटाला भी मौजूद थे।

## भाजपा ने 10 निर्वाचित राज्य सरकारों को 'चुराया' : केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके 10 निर्वाचित राज्य सरकारों को ''चुराया'' है। दिल्ली विधानसभा में जांच एजेंसियों के ''दुरुपयोग'' पर अल्पकालिक चर्चा के दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया, ''मार्च 2016 से मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 राज्य सरकारों को 15 बार गिराने की कोशिश की, जिसमें से वह 10 सरकारों को गिराने में सफल रहे। ये सरकारें गिराई नहीं गई, बल्कि ये सरकारें चुराई गईं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अजित पवार, प्रताप सरनाईक और हसन मुश्रिफ जैसे महाराष्ट्र के नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं, लेकिन उनके भाजपा में शामिल होने या अपनी मूल पार्टी से अलग होकर उसकी सरकार का समर्थन करने पर उनके खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के मामले वापस ले लिए गए।

## कांग्रेस ने दो लाख सरकारी नौकरियों का किया वादा



कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र हाथ बदलेगा हालात के नाम से जारी कर दिया है। चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, पार्टी के प्रदेश प्रधान उदयभान और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत उपस्थित रहे। कांग्रेस ने विदेशों में नौकरियों के लिए युवाओं की राह आसान बनाने के लिए हरियाणा विदेशी रोजगार बोर्ड बनाने का वादा किया है। कांग्रेस का घोषणापत्र में राजस्थान सरकार की तर्ज पर 25 लाख तक का इलाज निशुल्क, सस्ती शिक्षा ,महिलाओं की समस्याओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम ,छात्राओं के लिए मुफ्त पिंक मिनी बस और पिंक ई रिक्शा की सुविधा ,किसानों के लिए किसान आयोग का गठन,एमएसपी की कानूनी गारंटी,किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को मिलेगा शहीद का दर्जा, सिंधु बॉर्डर पर बनेगा स्मारक,एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू करेंगे। घोषणा पत्र में दो लाख सरकारी नौकरियां का वादा किया गया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम करेंगे बंद, पेपर लीक मामलों के लिए बनेगा फास्ट ट्रैक कोर्ट,पूरे वर्ष का भर्ती कैलेंडर जारी किया जाएगा ।

## प्रदेश में भाजपा की हालत बेहद खराब : दुष्यंत



हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दावा किया है कि प्रदेश में भाजपा की हालत बेहद खराब है और इसी के चलते केंद्रीय नेताओं को प्रदेश में बार-बार आने को मजबूर होना पड़ रहा है। दुष्यंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चार रैलियां करनी पड़ रही है और केंद्रीय गृह मंत्री को हरियाणा में डेरा डालना पड़ रहा है। जींद के उचाना के विभिन्न गांवों में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होते हुये दुष्यंत ने कहा कि उचाना में जजपा (जननायक जनता पार्टी) को मिल रहा भारी समर्थन दर्शाता है कि यह क्षेत्र पिछले विधानसभा चुनाव के माहौल में दोबारा आ गया है। दुष्यंत ने कहा कि जनता भाजपा को अच्छे से समझ गई है कि उनके राज में प्रदेश में अपराध बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में भाईचारे को खराब करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता जागरूक है और भाजपा को वोट की चोट से जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जनता पूर्व कांग्रेस सरकार में हुए भेदभाव और भ्रष्टाचार को कभी नहीं भूल सकती है। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेसी खुलकर विधायक बनने पर प्रदेश को लूटने और अपना घर भरने की बात कह रहे है।

## कांग्रेस अपने चुनावी वादों को पूरा करेगी : अशोक गहलोत



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा के लोगों के लिए दी जा रही गारंटी से न तो राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और न ही कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। गहलोत ने कहा कि ये गारंटी व्यापक विचार-विमर्श और वित्तीय विशेषज्ञों से परामर्श के बाद दी गई हैं। कांग्रेस ने हमेशा जनता से चर्चा करने, उनके विचारों को समझने और आम नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाने की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि एक बार ए गारंटी लागू हो जाएं तो हरियाणा एक आदर्श राज्य के रूप में उभरेगा। गहलोत ने इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने केवल विधानसभा चुनाव जीतने के लिए हरियाणा के लोगों से बड़े-बड़े वादे किए हैं। राजस्थान में किए कार्यों का उदाहरण देते हुए गहलोत ने कहा कि हरियाणा के लोगों को दी गई कई गारंटी राजस्थान में पहले ही लागू की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 25 लाख रुपए तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा योजना सफल तरीके से लागू की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को फिर से लागू किया गया है। गहलोत ने दावा किया कि हरियाणा में भी सभी चुनावी वादों को पूरा करने में कोई समस्या नहीं होगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के तहत किए गए वादों के बारे में गहलोत ने बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को छह हजार रुपए मासिक पेंशन और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की बात कही।



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से जलवायु परिवर्तन!

> "ग्रीनहाउस गैसों को कार्बन डाइऑक्साइड-समकक्ष मापा जाता है। यह बताता है कि हर देश कितनी ग्रीनहाउस गैस उत्पन्न करता है। यूरोपीय आयोग के संयुक्त अनुसंधान केंद्र की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2014 में 3270.4 मीटर सीओडब्ल्यू ई क्यू/वाईआर से बढ़कर 2023 में 4133.6सीओडब्ल्यू ई क्यू/वाईआर हो गया है।

*अभी तो पूरे देश में वर्षा से तबाही मची है। पर एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन हर साल लगातार बढ़ रहा है। इसकी वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी बढ़ रहा है। इस बढ़ोतरी में 2021 में 7.2 प्रतिशत, 2022 में 5.9प्रतिशत और 2023 में 6प्रतिशत की तेज वृद्धि देखी गई है। इसका मतलब है कि भारत में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन लगातार तेजी से बढ़ रहा है, जो पर्यावरण और जलवायु के लिए चिंता का विषय है। इसके बढ़ने से जलवायु परिवर्तन पर भी असर हो रहा है। साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर हो रहा है। अब नीति निर्धारकों को इसको रोकने के लिए गंभीर चिंतन करना होगा। ग्रीनहाउस गैसों को कार्बन डाइऑक्साइड-समकक्ष मापा जाता है। यह बताता है कि हर देश कितनी ग्रीनहाउस गैस उत्पन्न करता है। यूरोपीय आयोग के संयुक्त अनुसंधान केंद्र की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2014 में 3270.4 मीटर सीओडब्ल्यू ई क्यू/वाईआर से बढ़कर 2023 में 4133.6सीओडब्ल्यू ई क्यू/वाईआर हो गया है।*

*भारत में बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए बिजली उद्योग, औद्योगिक दहन और परिवहन क्षेत्र मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। 2023 में इन क्षेत्रों का कुल उत्सर्जन में क्रमशः 46.6 फीसदी, 20.9 फीसदी और 11.5 फीसदी हिस्सा था। यूरोपीय आयोग की जेआरसी 2024 की रिपोर्ट बताती है कि 1990 से 2023 के बीच भारत में जीएचजी उत्सर्जन में वृद्धि का मुख्य कारण बिजली उद्योग, औद्योगिक प्रक्रियाओं और परिवहन से सीओ2 उत्सर्जन में तेजी से बढ़ोतरी है. 2023 में यह उत्सर्जन 1990 की तुलना में क्रमशः छह और पांच गुना अधिक हो गया है। ग्रीनहाउस गैस पृथ्वी के वातावरण में ऐसी गैसें हैं जो गर्मी को रोकती हैं, दिन के समय सूरज की रोशनी वातावरण से होकर गुजरती है और पृथ्वी की सतह को गर्म करती है, रात में जब पृथ्वी की सतह ठंडी होती है, तो वह गर्मी को फिर से हवा में छोड़ देती है, लेकिन वायुमंडल में मौजूद ग्रीनहाउस गैसें कुछ गर्मी को रोक लेती हैं। यही कारण है कि पृथ्वी का औसत तापमान लगभग 14 डिग्री सेल्सियस (57 डिग्री फारेनहाइट) बना रहता है। ग्रीनहाउस गैस उन गैसों की तरह काम करती हैं जैसे ग्रीनहाउस की कांच की दीवारें, इन्हें इसी वजह से ग्रीनहाउस गैस कहा जाता है, अगर ग्रीनहाउस गैस का प्रभाव न होता, तो पृथ्वी का तापमान -18 डिग्री सेल्सियस (-0.4 डिग्री फारेनहाइट) तक गिर जाता। लेकिन इंसानों के कारण पृथ्वी के ग्रीनहाउस प्रभाव में बदलाव आ रहा है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन तेजी से बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि दुनियाभर में ग्रीनहाउस गैसें ही गर्मी और जलवायु परिवर्तन का कारण हैं। कार्बन डाइऑक्साइड की तरह मीथेन भी एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, जिसके बारे में अनुमान है कि यह हाल के ग्लोबल वार्मिंग के लिए 40प्रतिशत से अधिक जिम्मेदार है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# अपराध को लुभावना बनाता सोशल मीडिया

क्षमा शर्मा

हमारे यहां बड़ी संख्या में बच्चे और किशोर सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने खुलासा किया कि बहुत से किशोर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के हथियारों के साथ फोटो डालते हैं। वे इसे अपना विशेषाधिकार भी मानते हैं। पुलिस ने ऐसे पचास सोशल मीडिया अकाउंट्स को चिन्हित किया, जिसमें अधिकतर किशोर और बच्चे हैं। इनकी उम्र बीस साल या उससे कम है। ये वीडियोज में खुलेआम हथियार लेकर लोगों को धमका रहे हैं। गोलियां चला रहे हैं। चाकू दिखा रहे हैं। पुलिस ने इन्हें दक्षिण दिल्ली के संगम विहार, टिगरी, फतेहपुर बेरी, महरौली, नेब सराय आदि स्थानों से पकड़ा है। पुलिस ने जब इन लोगों के सोशल मीडिया प्रोफाइल्स को स्कैन किया तो पाया कि ये लोग सालों से ऐसा कर रहे हैं।

इन पचास लोगों की पहचान करने के लिए पुलिस ने करीब एक हजार सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगाले और पाया कि इनमें से कई नकली हथियारों को भी दिखाते हैं व लोगों को डराते हैं। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो पता चला कि ऐसा करके वे रोमांच महसूस करते हैं। इसके अलावा अपने इलाके में अपनी ताकत को दिखाना चाहते हैं। जो वीडियो ये पोस्ट करते हैं, उनमें ऐसे गाने भी होते हैं, जो हथियारों के प्रयोग को बढ़ा-चढ़ाकर ग्लैमराइज करते हैं। लोगों को हथियार रखने और उनका प्रयोग करने के लिए उकसाते हैं। पुलिस के पूछने पर कइयों ने खुश होते और हंसते हुए यह भी कहा कि इससे उनके फालोअर्स भारी संख्या में बढ़ते हैं। कभी यदि इन्हें पकड़ा भी जाता है, तो इनके साथी इनके जेल जाने, अदालतों में पेशी और जेल से बाहर आने के भी वीडियो बनाते हैं। जेल से बाहर आने पर जश्न मनाने के वीडियो भी बनाए जाते हैं और उन्हें पोस्ट किया जाता है। दूसरों का अपमान करने, डराने, धमकाने, मारपीट करने के भी वीडियो पोस्ट किए जाते हैं। इनके अनुसार ऐसे वीडियो इनके इलाके में इनका प्रभाव बढ़ाते हैं। इनमें से कइयों के तीस हजार तो एक के लाखों फालोअर्स तक हैं।

ऐसे वीडियो पोस्ट करने के बाद फालोअर्स की संख्या बेतहाशा बढ़ जाती है। और बहुत से युवा इनकी नकल करने की कोशिश भी करते हैं। यही नहीं, कई तो अपराध करने से पहले भी वीडियो पोस्ट करते हैं। ये अपराध हत्या करने तक के हो सकते हैं। एक युवा ने तो वीडियो में बताया कि वह यह अपराध करने जा रहा है, और कब करेगा इसकी जानकारी भी दी। यह भी कहा कि वह कब तक जेल से बाहर आ जाएगा। इन लोगों को बहुत-से कानूनों के बारे में भी पता है जैसे कि चाकू का प्रयोग करने पर आर्म्स एक्ट नहीं लग सकता। इनमें से अधिकांश वे हैं जिन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। माता-पिता ने भी इनकी कोई खास परवाह नहीं की। पुलिस इन्हें जागरूक करने का अभियान भी चला रही है। ये सब बातें कितनी भयावह लगती हैं। पुलिस ने जो कारण बताए वे भी गौर करने लायक हैं। जैसे कि इन युवाओं ने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। यानी कि इन्हें लगा कि पढ़ने-लिखने से कोई फायदा नहीं है। फिर समाज में यह भी है कि जिसके पास हथियार हैं, जो मारपीट कर सकता है, उससे लोग यूं ही डरने लगते हैं। आखिर किसे अपनी जान प्यारी नहीं है। यूं भी हमारे तमाम प्रचार माध्यम हिंसा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। हालीवुड से लेकर बालीवुड तक बात-बात में मारपीट और हथियारों का प्रयोग मामूली बात है। हम लोग चाहे जितना अहिंसा का जाप करें, लेकिन समाज हिंसा और हिंसक व्यक्ति की पूजा करता है। जैसा कि इन लोगों ने बार-बार कहा कि वे अपने इलाके में प्रभाव बढ़ाना चाहते थे। जाहिर है कि इनकी चाहना यही थी कि लोग इनसे डरें और इनका लोहा मानें। फिर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके ये रातोरात अपने फालोअर्स भी बना लेते थे और लोकप्रियता के नशे में थे। वैसे भी हिंसा और अपराध लोगों को बहुत आकर्षित करते हैं। वे कार्यक्रम जिनमें हिंसा और सैक्स का बोलबाला होता है, रातोरात चर्चित हो जाते हैं। ऐसी फिल्में भी खूब चलती हैं। यहां तक कि ऐसी किताबें और पत्रिकाएं भी एक जमाने में रिकार्डतोड़ बिक्री करती रही हैं।



व्यापार का नियम मुनाफा ही होता है, वह चाहे जैसे कमाया जाए। राजनीति भी इनसे परे नहीं है। बहुत से अपराधी जेल से ही चुनाव लड़ते हैं और जीत जाते हैं। बहुत से जीतने वालों के नाम ढेर सारे अपराध भी दर्ज हैं। हर हाल में सफलता चाहिए। सफलता मिलने के बाद कोई यह नहीं देखता कि वह कैसे मिली क्योंकि दुनिया में सफलता के ग्राहक ढेर से हैं और असफलता का कोई नहीं। इसलिए अगर ये किशोर हथियारों, अपराध और मारपीट के जरिए सफलता की सीढ़ियां चढ़ना चाहते हैं, तो यह जरूर सोचना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों है। अपराध इतना लुभावना क्यों है। दूसरी बात जो पुलिस ने बताई कि इन किशोरों को माता-पिता की देखभाल कभी नहीं मिली।

# कर कानूनों की सरलता से बढ़ेगी आर्थिकी



जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में गोवा में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के मंत्रिसमूह की बैठक में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम, टेक्सटाइल, हथकरघा वस्तुओं, कृषि से जुड़े उत्पादों और उर्वरकों सहित 100 से ज्यादा वस्तुओं पर जीएसटी दरों का विश्लेषण किया गया। इन दरों को दुरुस्त किए जाने के लिए आगामी माह अक्टूबर में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली मंत्रिसमूह की बैठक में विस्तृत विचार विमर्श का निर्णय लिया गया। पिछले दिनों राजस्व विभाग ने आयकर अधिनियम सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वीके गुप्ता की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। यह समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ाकर इसे विश्वस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम, 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं।

उल्लेखनीय है कि विगत 5 सितंबर को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आर्थिक वृद्धि बढ़ाने के साथ राजकोषीय मजबूती के लिए टैक्स और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात बढ़ाना जरूरी होता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े दर्शाते हैं कि प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये का रहा, जो कि पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष 2022-23 के 16.64 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 17.70 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह भी है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये का रहा और इसमें पूर्ववर्ती वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह की तुलना में 24.26 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इसी तरह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसदी वृद्धि को दिखाता है।

आयकर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 31 जुलाई तक आयकर रिटर्न दाखिल करने की निर्धारित समय सीमा तक रिकॉर्ड 7.28 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक हैं। मौजूदा वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपये संग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रहण भी तेजी से बढ़ रहा है यह अगस्त 2024 में 10 फीसदी वृद्धि के साथ 1.75 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में जिस तेजी से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज वृद्धि हुई है, उसके कई महत्वपूर्ण आधार हैं। आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से 25 सितंबर 2020 से पूरे देशभर में लागू करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था और वर्ष 2019 में लागू करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) जैसे बड़े आयकर सुधार प्रमुख हैं।

इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इनकम टैक्स विभाग ने इनकम और ट्रांजेक्शन के आधार पर प्रोजेक्ट इनसाइट भी लॉन्च किया है, जिसका लक्ष्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना, गैर-अनुपालन को रोकना और लोगों को टैक्स देने के लिए प्रेरित करना है। इसके अलावा हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन के लिए पैन नंबर बताना जरूरी किया गया है। इसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर लगने वाले 17 केंद्रीय और राज्यस्तरीय टैक्स के साथ-साथ करीब 23 अलग-अलग तरह के उपकरों को समाहित किया गया है जीएसटी विनिर्माताओं, कारोबारियों, निर्यातकों और आम लोगों के लिए लाभप्रद माना गया है। जीएसटी लागू होने के पूर्व वित्त वर्ष 2016-17 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह (केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क आदि) से करीब 8.63 लाख करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। जीएसटी लागू होने के बाद जीएसटी से टैक्स संग्रहण तेजी से बढ़ रहा है।

दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुट्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है बल्कि यह सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। यह उपयुक्त होगा कि हाल ही में आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित की गई समिति इस बात पर ध्यान दे कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके।

## व्यायाम जरूरी




वैसे तो नियमित व्यायाम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। दिन में किसी भी समय व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है लेकिन इसे न करने से फैटी लिवर रोग के खतरा बढ़ता ही है साथ ही इससे शारीरिक और मानसिक कई प्रकार की समस्याओं का खतरा भी हो सकता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से न सिर्फ फैटी लिवर के प्रबंधन में मदद मिलती है साथ ही जिन लोगों को ये समस्या नहीं है उनमें इस तरह की समस्याओं के जोखिमों को भी कम करता है। इसलिए एनएएफएलडी की समस्या वाले लोगों को सप्ताह में कम से कम 150-300 मिनट के मध्यम एरोबिक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। जिससे इस समस्या से राहत मिल सके। और शरीर स्वस्थ्य रह सके।



## चीनी का सेवन करें कम

फैटी लिवर रोग विशेष रूप से नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के लिए अधिक मात्रा में चीनी के सेवन को जिम्मेदार माना जाता है। ये आदत ब्लड शुगर के स्तर को काफी बढ़ा देती है जिससे लिवर में वसा की मात्रा बढ़ने लगती है। कैंडी, आइसक्रीम और मीठे पेय भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।



## फैटी होने का कारण

ऐसे कई कारण हैं जो लिवर में फैट की मात्रा बढ़ाने वाले हो सकते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से जोखिम बढ़ सकती है। जब हमारा लिवर, फैट वाली चीजों को सामान्य रूप से संसाधित और विघटित नहीं कर पाता है तो इसके कारण फैट जमने का खतरा हो सकता है। मोटापा, मधुमेह या हाई ट्राइग्लिसराइड्स जैसी कुछ अन्य स्थितियों से पीड़ित लोगों में भी फैटी लिवर विकसित होने की आशंका अधिक होती है।

## शराब है नुकसानदेह

लिवर के लिए जिन चीजों को सबसे हानिकारक माना जाता है, शराब पीने की आदत उसमें प्रमुख है। अत्यधिक शराब के सेवन से न सिर्फ फैटी लिवर की समस्या होती है बल्कि इससे लिवर फेलियर तक का भी जोखिम रहता है। फैटी लीवर रोग से पीड़ित लोगों को शराब का सेवन बिल्कुल न करने की सलाह दी जाती है। हालांकि शराब न पीने वालों में भी फैटी लिवर की समस्या होने का खतरा रहता है।



# गड़बड़ लाइफस्टाइल से होता है फैटी लिवर

लिवर से संबंधित कई तरह की बीमारियां वैश्विक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम रही हैं। लिवर में फैट बनने यानी फैटी लिवर की समस्या का खतरा कम उम्र के लोगों में भी देखा जा रहा है। देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज होने का अनुमान है। सभी लोगों को लिवर की बढ़ती इस बीमारी को लेकर सावधानी बरतना और बचाव के लिए उपाय करते रहना जरूरी है। लिवर में फैट जमने का खतरा उन लोगों में भी देखा जाता रहा है जो शराब नहीं पीते हैं। इसके लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी एक कारण हो सकती है। वजन अधिक होना, शुगर कंट्रोल में न रहना भी इस रोग का एक बड़ा कारण मानी जाती हैं। फैटी लिवर की दिक्कत से बचे रहने के लिए लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव किए जाने आवश्यक हैं।

## हंसना मना है



आदमी रात को गली के सामने खड़ा था। चौकीदार ने कड़क कर पूछा- कौन हो तुम, यहां क्या कर रहे हो? आदमी- मेरा नाम शेर सिंह है। चौकीदार- बाप का नाम, आदमी- शमशेर सिंह। चौकीदार- कहां रहते हो? आदमी- शेरों वाले मोहल्ले में। चौकीदार- तो यहां खड़े क्या कर रहे हो,घर जाओ? आदमी- कैसे जाऊं, आगे कुत्ते भौंक रहे हैं।

शादी के बाद पति का व्यवहार, पहले साल- जानू संभलकर उधर गड्ढा है। दूसरे साल- अरे यार देख कर उधर गड्ढा है। तीसरे साल-दिखता नहीं, उधर गड्ढा है। चौथे साल- अंधी है क्या, गड्ढा नहीं दिखता? पांचवे साल- अरे उधर कहां मरने जा रही है, उधर गड्ढा है।

एक मकान मालिक नए किरायेदार को मकान दिखा रहा था, बोला- इसका किराया 700 रुपए होग। किरायेदार - ठीक है, लेकिन आपके मकान में तो चूहे नाच रहे हैं ! मालिक- तो 700 रुपए में क्या शीला का नाच देखना चाहते हो?

पत्नी- आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार? पति- मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।

## कहानी | धन का सम्मान या दान का सम्मान

एक नगर में राजेश नामक कंजूस व्यक्ति रहता था। उसकी कंजूसी सर्वप्रसिद्ध थी। वह खाने, पहनने तक में भी कंजूस था। एक बार घर से एक कटोरी गुम हो गई। जिसके दु:ख में राजेश ने 3 दिन तक कुछ न खाया। परिवार के सभी सदस्य उसकी कंजूसी से दुखी थे। मोहल्ले में उसकी कोई इज्जत न थी, क्योंकि वह सामाजिक कार्य में दान नहीं करता था। एक बार पड़ोस में धार्मिक कथा का आयोजन हुआ। राजेश को सद्बुद्धि आई तो वह भी कथा सुनने के लिए सत्संग में पहुंच गया। वेद के वैज्ञानिक सिद्धांतों को सुनकर उसको भी रस आने लगा क्योंकि वैदिक सिद्धान्त व्यावहारिक व् वास्तविकता पर आधारित एवं सत्य-असत्य का बोध कराने वाले होते है। उसकी कोई कदर न करता फिर भी वह प्रतिदिन कथा में आने लगा। कथा के समाप्त होते ही वह सबसे पहले शंका पूछता। इस तरह उसकी रूचि बढ़ती गई। कथा के अंत में कथावाचक ने इसकी सूचना दी कि कल लंगर होगा। इसके लिए जो श्रद्धा से कुछ भी लाना चाहे या दान करना चाहे तो कर सकता है। कंजूस के हृदय में जो श्रद्धा पैदा हुई वह भी एक गठरी बांध सर पर रखकर लाया। भीड़ काफी थी। जब सभी दान देकर यथास्थान बैठ गए। तब सब कंजूस देख रहे थे। कंजूस को विद्वान की ओर बढ़ता देख सभी को हंसी आ गई क्योंकि सभी को मालूम था कि यह महाकंजूस है। उसकी गठरी को देख लोग तरह-तरह के अनुमान लगाते ओर हंसते, लेकिन कंजूस को इसकी परवाह न थी। कंजूस ने आगे बढ़कर विद्वान ब्राह्मण को प्रणाम किया। जो गठरी अपने साथ लाया था, उसे उसके चरणों में रखकर खोला तो सभी लोगों की आंखें फटी-की-फटी रह गई। कंजूस के जीवन की जो भी अमूल्य संपत्ति गहने, जेवर, हीरे-जवाहरात आदि थे उसने सब कुछ दान कर दिया। फिर वह यथास्थान जाने लगा तो विद्वान ने कहा, महाराज! आप वहां नहीं, यहां बैठिये। कंजूस बोला, पंडित जी! यह मेरा आदर नहीं है, यह तो मेरे धन का आदर है, अन्यथा मैं तो रोज आता था और यही पर बैठता था, तब मुझे कोई न पूछता था। ब्राह्मण बोला, नहीं, महाराज! यह आपके धन का आदर नहीं है, बल्कि आपके महान त्याग (दान) का आदर है। यह धन तो थोड़ी देर पहले आपके पास ही था, तब इतना आदर-सम्मान नहीं था जितना की अब आपके त्याग (दान) में है इसलिए आप आज से एक सम्मानित व्यक्ति बन गए है।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



आज सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें।

**वृषभ**



सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**मिथुन**



कार्य में जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव भविष्य में लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं।

**कर्क**



शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें।

**सिंह**



विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कन्या**



आज आप दूसरों के काम में व्यर्थ मीन-मेख न निकालें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें।

**तुला**



प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी। नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा।

**वृश्चिक**



शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे।

**धनु**



आज रोजगार में अच्छी वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। व्यस्तता बनी रहेगी।

**मकर**



व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी। सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें।

**कुम्भ**



धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन**



आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# तारक मेहता के निर्माताओं ने मेरा उत्पीड़न किया : पलक सिंधवानी



तारक मेहता का उल्टा चश्मा अब विवादों में रहने लगा है। कभी कोई तो कभी कोई कलाकार किसी ना किसी वजह से चर्चा में आ जाता है, जिससे असित्र्त्र्ह को लेकर बातें होने लग जाती हैं। अब अभिनेत्री पलक सिंधवानी ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्माताओं पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया है और कहा कि उन्हें सेट पर पैनिक अटैक आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेत्री ने एक नोट लिखा, जिसमें उन्होंने मानसिक उत्पीड़न और शोषण का आरोप लगाया है। चार पन्नों के इस बयान में नौ बिंदुओं का उल्लेख किया गया है कि निर्माताओं ने उन्हें उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के बावजूद सेट पर आने और एपिसोड की शूटिंग जारी रखने के लिए मजबूर किया। बयान में कहा गया है, उत्पीड़न के कारण पलक पर बहुत अधिक मानसिक दबाव पड़ा है, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति और खराब हो गई है और 19 सितंबर 2024 को डॉक्टर ने पलक को आराम और उपचार की सलाह दी. हालांकि, उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के बावजूद, प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें कोई छुट्टी नहीं दी और उन पर उक्त धारावाहिक की शूटिंग जारी रखने का दबाव डाला और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जो स्पष्ट रूप से शोषण के बराबर है। शो में सोनू भिड़े का किरदार निभाने वाली 26 वर्षीय अभिनेत्री ने आगे दावा किया कि प्रोडक्शन हाउस ने उनके करियर को बर्बाद करने और यहां तक कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को इनएक्टिव करने की धमकी दी। बयान में कहा गया है, चूंकि पलक ने पहले ही अगस्त 2024 में ही उक्त समझौते को समाप्त करने और उक्त धारावाहिक को छोड़ने का इरादा व्यक्त कर दिया था, इसलिए प्रोडक्शन हाउस के प्रतिनिधियों ने पलक के साथ 18 सितंबर, 2024 को हुई बैठक के दौरान पहली बार झूठी, तुच्छ, निराधार और अपुष्ट आपत्ति/तर्क उठाए कि पलक के विज्ञापन/समर्थन उक्त समझौते का उल्लंघन करते हैं, जो गलत है।

# आईफा उत्सवम में नानी को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार

अबू धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम 2024 में साउथ सिनेमा और बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए। तीन दिन के इस अवॉर्ड शो में पहले दिन साउथ सिनेमा के सितारों को सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में जिन अभिनेताओं, फिल्मों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, आइए आपको बताते हैं उनके नाम।

आईफा उत्सवम 2024 में साउथ सिनेमा के स्टार नानी को अपनी तेलुगू फिल्म दशहरा में एक्टिंग के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। फिल्म में अपने किरदार के लिए उन्हें तारीफ मिली है। मणि रत्नम को अपनी तमिल फिल्म पोन्नियिन सेल्वम 2 के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है। उनकी इस फिल्म को क्रिटिक्स और फैंस सभी ने खूब सराहा है। साथ ही चिरंजीवी को सिनेमा में अपने योगदान के लिए उत्कृष्ट उपलब्धि का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही समंथा प्रभु को भारतीय सिनेमा में वुमन ऑफ द ईयर इन इंडियन सिनेमा से सम्मानित किया गया।

इस अवॉर्ड नाइट में बहुत से चर्चित सितारे शामिल हुए थे। अवॉर्ड नाइट में मणिरत्नम, सामंथा रुथ प्रभु, चिरंजीवी, नंदमुरी बालकृष्ण, एआर रहमान, राणा दग्गुबाती और वेंकटेश दग्गुबाती जैसे सितारे शामिल हुए। बॉलीवुड हस्तियां शाहिद कपूर, अनन्या पांडे, कृति सनोन, करण जौहर, ऐश्वर्या राय, जावेद अख्तर और शबाना आजमी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।





## ये सितारे करेंगे परफॉर्म

आईफा अवॉर्ड्स में शाहरुख खान, विक्की कौशल और करण जौहर मेजबानी करेंगे। शाहिद कपूर, कृति सनोन, अनन्या पांडे, जान्हवी कपूर और विक्की भी परफॉर्मेंस करेंगे। हनी सिंह, शिल्पा राव और शंकर-एहसान-लॉय जैसे कलाकार दर्शकों के लिए लाइव परफॉर्म करेंगे। आइफा उत्सवम में सितारों की परफॉर्मेंस, डांस और बातें दर्शकों को काफी पसंद आती हैं।

# सोमी अली ने सोनू निगम पर लगाए गंभीर आरोप





90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रह चुकीं सोमी अली पिछले कुछ समय से अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। कुछ वक्त पहले वह सुपरस्टार सलमान खान के खिलाफ अपनी भड़ास निकालती हुई नजर आई थीं। इस बार उन्होंने सिंगर सोनू निगम को भी आड़े हाथ ले लिया है। सोमी अली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने बिना सोनू का नाम लिए उन पर खुद को मूर्ख बनाने के आरोप लगाए हैं। हालांकि, उन्होंने इस वीडियो के साथ एक लंबा-चौड़ा कैप्शन लिखकर सोनू निगम को टैग किया है।

वीडियो में सोमी अली को कहते हुए देखा जा सकता है, लगभग 3 साल पहले, हाल में भी, मुझे ठगा गया है। ये सीधी है इसका फायदा उठाना, ये सीधा इसका फायदा उठाओ, जैसी चीजों से हम सभी गुजर चुके हैं। कुछ साल पहले मैं एक टॉक शो में गई थी, यहां कुछ लोगों के इंटरव्यू लिए। मैं उन लोगों का नाम नहीं लूंगी। वो आदमी उस जो उस शो में था, वो बहुत समझदार लोगों की तरह बातें कर रहा था। मैं भी उससे बहुत इम्प्रेस हो गई। मुझे ऐसा लगा कि वो जो भी कह रहा है उसे अपनी जिंदगी में भी अमल करता होगा। सोमी ने आगे बताया, मैंने उनके फायदे के लिए बाद में उन्हें लंदन में कुछ प्रोजेक्ट्स दिलाने के लिए संपर्क किया, लेकिन उन्होंने मेरे मैसेजेस को इग्नोर कर दिया। मुझे तब थोड़ा अजीब लगा। मैंने वह शो में आने के लिए बहुत एक्साइटेड थे और पैसे भी नहीं लिए। हम उस टॉक शो में आने के लिए फीस अफोर्ड भी नहीं कर सकते थे, क्योंकि वो एक छोटा सा शो था। हालांकि, बाद में मुझे समझ आया कि वो मेरे शो में किसी को सिर्फ ये दिखाने के लिए आए थे कि वो उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड के साथ काम करके आए हैं।

अजब-गजब | यहां चौखट के बाहर से ही पूजा करती हैं महिलाएं

# इस मंदिर में महिलाओं की है नो एंट्री

छतरपुर जिले के बरहा गांव के पास स्थित एक अद्वितीय मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। इस मंदिर का संबंध एक रोचक लोककथा से है, जो इसे खास बनाती है। लगभग चार सौ साल पहले, एक रियासत का राजा शांति और एकांत में जीवन व्यतीत करने के लिए इस जंगल में आया था। राजपाट छोड़कर वह यहां निवास करने लगा।

कहा जाता है कि जब राजा की पत्नी को उसके स्थान के बारे में पता चला, तो वह भी उस स्थान पर पहुंच गई। वहां पहुंच कर वह राजा से घर लौटने की जिद में अड़ गई। तब राजा ने कहा, जिस शरीर के पीछे तुम यहां आई हो, मैं उस शरीर को ही याग देता हूं। इसके बाद राजा ने जिंदा समाधि ले ली और बिना देह के ही भक्ति में लीन हो गए। तभी से इस मंदिर का नाम बिदेही बाबा पड़ा, जिसका अर्थ है बिना देह वाला बाबा। इस मंदिर में बिदेही बाबा के चरण पादुका के साथ-साथ भोलेनाथ भी विराजमान हैं। आज भी इस मंदिर में आने वाले भक्तों की बाधाएं दूर होती हैं।

हालांकि, इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। वे मंदिर के बाहर से दर्शन कर सकती हैं, लेकिन अंदर जाने या चरण पादुका को छूने का प्रयास नहीं कर सकतीं। ऐसा करने पर उन्हें कष्ट भोगने की बात कही जाती है। विवाहित हों या अविवाहित, सभी महिलाओं के लिए मंदिर के भीतर जाना निषिद्ध है। गांव के बुजुर्ग रंजोल सिंह बताते हैं कि उनके पूर्वजों के अनुसार, बिदेही बाबा को हनुमान जी का भाई माना जाता है। ये मान्यता उन्हें भक्तों के बीच विशेष सम्मान दिलाती है। महिलाएं मंदिर के बाहर से दर्शन कर सकती हैं और परिक्रमा भी कर सकती हैं। हर साल पौष माह में इस मंदिर में एक बड़ा मेला लगता है, जहां लाखों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते हैं। इस अवसर पर गांव के आसपास के खेतों में रबी की फसल नहीं बोई जाती क्योंकि वहां वाहन खड़े किए जाते हैं। ये पल गांव के लोगों के लिए बेहद आनंददायक होते हैं। इस प्रकार, बिदेही बाबा का मंदिर एक अनोखी श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, जो महिलाओं के लिए एक विशेष स्थान रखता है और उनकी भक्ति का सम्मान करता है।



# ताली बजाने पर खिल जाता है यह पुष्प! आखिर क्या है इसके पीछे का राज?



आपने हमेशा मनोवैज्ञानिकों को ये कहते सुना होगा कि अगर बच्चों की तारीफ की जाए, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए तो वो बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे और जीवन में सफल होंगे। पर क्या इंसानों का मनोविज्ञान ही इस तरह से काम करता है, या पेड़-पौधों का भी? ऐसा हम इसलिए सवाल उठा रहे हैं क्योंकि हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग एक पौधे के सामने खड़े होकर तालियां (Flower bloom with clapping viral video) बजा रहे हैं और अचानक तारीफ मिलते ही पुष्प खिल उठता है। लोगों का कहना है कि जिस तरह 'मोगैंबो खुश होता था', उसी तरह ये फूल भी खुश हो रहा है! इंस्टाग्राम अकाउंट @amazingtaishun पर कुछ दिनों पहले एक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिसमें एक पौधा नजर आ रहा है। पीले रंग के फूल (Man clap at flower bud video) वाले इस पौधे के सामने कुछ लोग खड़े होकर तालियां बजा रहे हैं। हैरानी की बात है कि तालियों की आवाज सुनते ही पौधे पर लगा फूल अपने आप खिल जाता है। वीडियो के साथ बताया है कि सिचुआन आदमी फूल की कली के सामने ताली बजाता है और अगले ही पल वो खुल जाता है।

इस वीडियो को जरिए सिर्फ ये सिखाने की कोशिश की गई है कि किसी भी चीज का अगर उत्साह बढ़ाया जाए, तो वो खिल उठता है। हालांकि, वीडियो पूरी तरह सही नहीं है। अगर आप भी ये सोच रहे हैं कि ताली बजाने से फूल खिला है, तो बता दें कि ये जानकारी भ्रामक है। दरअसल, इस फूल का नाम कॉमन ईवनिंग प्राइमरोज़ (Common evening-primrose) है। रिपोर्ट्स के अनुसार ये फूल शाम के वक्त अपने आप खिल उठता है। शख्स को उसकी टाइमिंग का अंदाजा होगा, उसी वक्त उसने वीडियो रिकॉर्ड किया और नतीजा आपके सामने है।

इस वीडियो को 58 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि इसी तरह इंसानों को भी ट्रीट किया जाना चाहिए। एक ने कहा कि जब आपकी प्रशंसा होती है तो आप खिल उठते हैं। कई लोगों ने पूछा कि क्या ये फूल साउंड सेंसिटिव हैं? एक ने कहा कि ये दिखाता है कि पेड़-पौधों में भी भावनाएं होती हैं।

# भाजपा सरकार खा गई सरकारी नौकरियां : सैलजा

## बोलीं- हरियाणा को अपने स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचार के दलदल में धकेला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जगाधरी (हरियाणा)। हरियाणा के जगाधरी में राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के नाम की सरकारी नौकरियां खा गई। हरियाणा को अपने स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचार की दलदल में धकेला। यहां तक अवैध माइनिंग को बढ़ावा दिया, जिससे यमुना नदी को भी अपना रास्ता बदलकर दूसरी तरफ से निकलना पड़ा। वे जगाधरी विस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अकरम खान के समर्थन में सुखमनी पैलेस में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंची थीं।

कुमारी सैलजा इससे पहले सैलजा खंड सरस्वती नगर के गुरु पैलेस में भी एक जनसभा को संबोधित किया। सैलजा ने कहा कि सत्तासीन भाजपाइयों ने जन कल्याण की बजाय स्कैमों का रिकार्ड बनाया है। कांग्रेस सत्ता में आने पर तमाम घोटालों की जांच कराएगी। नशा और अवैध खनन सत्ता में बैठे लोगों की देन है। दस साल के अंदर भाजपा ने अस्थिरता ही दी है। बेरोजगारी से परेशान युवा स्मैक के नशे की चपेट में आ रहा है। प्रदेश में लाखों पद खाली पड़े हैं। भाजपा सरकार ने इनकों भरने की जरूरत ही नहीं समझी। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू –मुस्लिम कर माहौल बिगाड़ना चाहती है।



### संकल्प यात्रा में रथ पर निकलेंगे राहुल-प्रियंका

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सोमवार से हरियाणा में चुनावी रथ यात्रा निकालेंगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के अंतिम दिनों में ताबड़तोड़ प्रचार के लिए भाई-बहन की जोड़ी चुनावी समर में उतरी है। सुबह नारायणगढ़ में जनसभा के बाद उनकी रथ यात्रा शुरू होगी। पूरे दिन में दोनों नेता तीन जिलों अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र की छह विधानसभाओं को कवर करेंगे। अंत में थानेसर में दोनों बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। चर्चा है कि वे 3 अक्तूबर तक रथ यात्रा में प्रचार करेंगे, लेकिन कांग्रेस ने अभी केवल एक दिन का ही शेड्यूल जारी किया है। रथ पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा भी साथ रहेंगी।

### नेकां-कांग्रेस जीतेंगे 70 सीटें : सचिन पायलट

कांग्रेस नेता सचिन पायलट का कहना है, माहौल जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के पक्ष में है। जनता ने गठबंधन के पक्ष में वोट करने का मन बना लिया है। जम्मू-कश्मीर में जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बन रही है। जम्मू-कश्मीर के लोग बदलाव चाहते हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव पर उन्होंने कहा, हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की तुलना में अधिक सीटें जीतेगी। हम लगभग 70 सीटें जीतेंगे।

### आठ अक्टूबर को आईसीयू में चली जाएगी कांग्रेस : सैनी

चुनाव के लिए अब समय बहुत कम बचा है, जितनी ताकत है वह लगा दो। आप सब के बीच आशीर्वाद लेने आया हूं। हरियाणा ने तय कर लिया है आठ अक्तूबर को कांग्रेस आईसीयू में चली जाएगी। यह बात कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की किसी भी गारंटी पर प्रदेश का कोई व्यक्ति विश्वास नहीं करता है। कांग्रेस की लूट और झूठ की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर वर्ष जनता के बीच कार्यों को लेकर जाती है। अब कांग्रेस के लोग हिसाब मांगते हैं, कुछ सवाल हम भी उनसे पूछ ले। वह भी दस साल मुख्यमंत्री रहे थे।

# सरकार की गलती भुगत रहे मप्र के वन रक्षक : कमलनाथ

## 165 करोड़ की वसूली पर पूर्व सीएम ने उठाए सवाल, बोले- वन विभाग में यह कैसा ऑडिट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



भोपाल। पूर्व सीएम कमलनाथ ने ऑडिटर जनरल (एजी) ऑफिस ग्वालियर द्वारा किए जाने वाले ऑडिट पर सवाल उठाए हैं। पूर्व सीएम कमलनाथ ने को अपने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने वर्तमान में सेवारत वनरक्षक (फॉरेस्ट गार्ड) से लगभग 165 करोड़ रुपए की वसूली निकाली है। यह राशि उनके वेतन से वसूल किए जाने के आदेश जारी हुए हैं। कोई भी दंड वन रक्षकों की जगह सरकार को मिलना चाहिए। कमलनाथ ने लिखा कि बुनियादी सवाल यह है कि सरकार ने जो वेतन वन रक्षकों को दिया, वह वेतन वन रक्षकों ने स्वीकार किया।

ऐसे में अगर गलती की है, तो वह सरकार ने की है। लिहाजा इसका कोई भी दंड वन रक्षकों की जगह सरकार को मिलना चाहिए। मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि इस तरह के तुगलकी फरमान को तुरंत वापस लिया जाए और वन रक्षकों से की जाने वाली इस वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। दरअसल एमपी में वन विभाग में 6592 वन रक्षकों को ग्रेड पे के हिसाब से ज्यादा वेतन दिए जाने का मामला सामने आया है। सरकार ने करीब 165 करोड़ की रिकवरी निकाली है। कमलनाथ ने आगे लिखा कि सरकार का कहना है कि वर्ष 2006 से कार्यरत वनरक्षकों ने अपने वेतन में (ग्रेड पे के आधार पर) अधिक राशि ले ली है। वर्ष 2006 से कार्यरत वनरक्षकों से लगभग 5 लाख रुपए और वर्ष 2013 से कार्यरत वनरक्षकों से डेढ़ लाख रुपए की वसूली किए जाने के आदेश जारी हुए हैं।

# भ्रष्ट लोगों से भरी पड़ी है भाजपा

## सिद्धारमैया ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट व मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



मैसुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हरियाणा में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए उनके खिलाफ भूमि आवंटन मामले को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए हिंडनबर्ग रिपोर्ट और मणिपुर हिंसा पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में कई भ्रष्ट लोग हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री से पहले अपनी पार्टी में चीजें सही करने को कहा। सिद्धारमैया ने पत्रकारों के एक सवाल पर कहा कि उनकी पार्टी (भाजपा) में कई भ्रष्ट लोग हैं।

पहले उन्हें सही करिए। नरेन्द्र मोदी हिंडनबर्ग रिपोर्ट या मणिपुर के बारे में क्यों नहीं बोलते? वह मणिपुर क्यों नहीं गए? राहुल गांधी ने इन मुद्दों को उठाया है। वह उन पर क्यों नहीं बोलते? भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने बुधवार को हरियाणा के सोनीपत में कांग्रेस शासित कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भूमि घोटाले का आरोप है और यहां तक कि उच्च न्यायालय ने भी कहा है कि उनके खिलाफ जांच सही है।

# नये तरीकों से भ्रष्टाचार को रोकेगा नगर निगम

## इंदौर से वापस आने के बाद अपर नगर आयुक्त ने दी जानकारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**4PM ने आरआर विभाग के भ्रष्टाचार को कई बार उठाया है**

लखनऊ। नगर निगम आर आर विभाग में जल्द ही काम करने का तरीका बदलने वाला है। अपर नगर आयुक्त, पंकज श्रीवास्तव ने इंदौर से लौटने के बाद ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंदौर के नगर निगम आर आर वर्कशॉप की तर्ज पर अब नगर निगम आर आर वर्कशॉप में भी काम किया जाएगा। इसका मतलब है कि अब स्टोर से लेकर गाड़ी बनने तक की प्रक्रिया जेई अधिशाषी अभियन्ता की देखरेख में होगी। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी, जो कि आर आर वर्कशॉप में बहुत आम है।

स्टोर रूम से जो भी समान गाड़ियों में बनने के लिए दिया जाएगा उसकी देख रेख अब इंजीनियर करेंगे जिससे आर आर वर्कशॉप में घोटाले पर भी रोक लग सकेगी। 4पीएम ने लगातार हो रहे आर आर वर्कशॉप में हो रहे घोटाले की खबर लगातार छापी थी जिसको नगर निगम के अधिकारियों ने संज्ञान लिया था जिसके बाद अपर नगर आयुक्त के इंदौर के बाद ये फैसला लिया गया है।

### इस बदलाव से होंगे फायदे

आर आर वर्कशॉप में भ्रष्टाचार की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी जेई अधिशाषी अभियन्ता की देखरेख में काम होने से पारदर्शिता बढ़ेगी। काम की गुणवत्ता में सुधार होगा क्योंकि अब काम की निगरानी अधिक सख्ती से होगी।यह बदलाव नगर निगम आर आर विभाग में काम करने के तरीके को सुधारने में मदद करेगा और भ्रष्टाचार को कम करने में भी मदद करेगा।

# बांग्लादेश की पहली पारी 233 रनों पर सिमटी

## दो दिन बाद शुरू हुए मैच में मोमिनुल ने लगाया शतक, बुमराह ने लिये तीन विकेट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कानपुर। आखिर दो दिनों की रुकावट के बाद कानपुर टेस्ट मैच शुरू हो गया। सोमवार यानी 30 सितंबर को टेस्ट के चौथे दिन का खेल जारी है। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 233 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने आज तीन विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया और 126 रन में अपने सात विकेट गंवा दिए।

पहले दिन 35 ओवर का खेल होने के बाद टेस्ट का दूसरा और तीसरा दिन पूरी तरह बारिश से धुल गया। दोनों दिन समय से पहले ही स्टंप्स की घोषणा कर दी गई। रविवार को बारिश नहीं हुई, लेकिन उससे पहले हुई भारी बारिश की वजह से मैदान में कई जगह पानी जमा हो गया था।पहले दिन 35 ओवर का खेल हो सका था और बांग्लादेश ने तब तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे। आज बांग्लादेश को पहला झटका मुशफिकुर रहीम (11) के रूप में लगा। उन्हें बुमराह ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद सिराज ने लिटन दास (13) को रोहित के हाथों कैच कराया। अश्विन ने शाकिब (9) को सिराज के हाथों कैच कराकर बांग्लादेश को छठा झटका दिया। आज पहले सत्र के खेल में 31 ओवर फेंके गए और बांग्लादेश ने 98 रन बनाए थे। जबकि जाकिर हसन (0), शदमान इस्लाम (24) और कप्तान नजमुल शांतो (31) पवेलियन लौट चुके थे। भारत की ओर से अश्विन और आकाश दीप को दो-दो विकेट मिले हैं। इसके अलावा सिराज को एक और बुमराह को तीन विकेट मिले है। फिलहाल मोमिनुल हक 107 रन बना कर नाबाद रहे। मोमिनुल के टेस्ट करियर का यह 13वां शतक रहा।



### रोहित ने एक हाथ से लिया शानदार कैच

बांग्लादेश को 148 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। सिराज ने लिटन दास को रोहित के हाथों कैच कराया। रोहित ने मिड ऑफ पर छलांग लगाकर एक हाथ से बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद साथी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगा लिया।




# भाजपाइयों के साथ धन उगाही कर रहे ईडी अधिकारी : राउत

» बोले- फडणवीस को ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के बारे में पता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। शिवसेना के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कुछ अधिकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं की मिली भगत से लोगों से भारी मात्रा में धन उगाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी पार्टी सत्ता में आएगी तो इन अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश किया जाएगा। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के बारे में पता है। राउत ने आरोप लगाया, ईडी के एक एजेंट के रूप में काम करने वाला जीतू नवलानी नामक व्यक्ति जबरन वसूली में शामिल था।


हमारी एमवीए सरकार ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। ऐसा माना जाता है कि उसे ईडी और भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस, दोनों का समर्थन प्राप्त था। राउत ने दावा किया कि (जून 2022 में एकनाथ शिंदे सरकार में) राज्य के गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद फडणवीस ने इस मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए) सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल को खत्म कर दिया। चुनावी बांड योजना के संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कर्नाटक में मामला दर्ज होने पर राउत ने कहा कि यह कार्रवाई स्थानीय अदालत के निर्देश पर की गई। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद बेंगलुरु की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है।



### कई लोगों के नामों की लिस्ट बताई

कुछ अन्य लोगों का नाम लेते हुए राउत ने कहा कि ईडी के पूर्व अधिकारी राजेश्वर सिंह अब उत्तर प्रदेश में भाजपा के विधायक हैं। राउत ने दावा करते हुए कहा कि ईडी के साथ मिलकर काम करने वाला रोमी भगत नामक व्यक्ति भी जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था और फिलहाल आर्थर रोड जेल में बंद है।

### सीतारमण पर एफआईआर का आदेश चौंकाने वाला : सुले



बेंगलुरु कोर्ट द्वारा केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश के बाद एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले का बयान सामने आया है। वित्त मंत्री पर आरोप है कि उन्होंने चुनावी बॉन्ड के जरिए कथित तौर पर पैसे ऐंठने का काम किया। अब सुले ने कहा कि इस मामले में सरकार से सीधे सवाल पूछे जाएंगे। सुले ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत दर्दनाक और चौंकाने वाला है क्योंकि निर्मला एक बहुत अच्छी महिला हैं, जिनके साथ हमने बहुत करीब से काम किया है। मुझे उम्मीद है कि यह सच नहीं है। नवंबर में जब संसद शुरू होगी, तो हम सरकार से सवाल पूछेंगे। मैंने निर्मला को एक बहुत मजबूत और ईमानदार महिला के रूप में देखा, जो इस देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने की कोशिश कर रही हैं और ये आरोप निराशाजनक हैं।

# सरकार जिसके साथ जाती है उसे डुबो देती है : नितिन गडकरी

» केन्द्रीय मंत्री बोले- सरकार के भरोसे मत रहो, ये विषकन्या होती है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



मुंबई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि हमें हर चीज के लिए सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में हो, उससे दूर रहें। उन्होंने सुझाव दिया, सरकार एक विषकन्या (है और वह जिसके साथ जाती है उसे डुबो देती है। सरकार क पचड़े में मत पड़ो।

केंद्रीय मंत्री ने विदर्भ आर्थिक विकास परिषद द्वारा आयोजित अद्भुत विदर्भ परिषद के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप जो चाहें सब्सिडी ले सकते हैं, लेकिन यह आपको कब मिलेगी, कुछ मिलेगा या नहीं, इसका कोई भरोसा नहीं है। सरकारी सब्सिडी पर बोलते हुए उन्होंने याद करते हुए कहा कि एक बार मेरा बेटा आया और बोला कि उसे सब्सिडी के 450 करोड़ रुपये मिले हैं और टैक्स का पैसा जमा है। उसने पूछा कि सब्सिडी कब मिलेगी। मैंने उससे कहा कि भगवान से प्रार्थना करो क्योंकि है कोई आश्वासन नहीं। मिलेगा, ये संभव है। लाडली बहन योजना अभी शुरू हुई है, इसलिए उनके काम के लिए सब्सिडी का पैसा मिलना ही है, वो अटक गया है।

# आतिशी ने जाना दिल्ली की सड़कों का हाल

» सियासत भी गरमाई भाजपा ने किया आप पर पलटवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली की खराब सड़कों को ठीक करने के लिए सरकार ग्राउंड जीरो पर उतर चुकी है। पीडब्ल्यूडी की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए काम चल रहा है। सीएम आतिशी ने एनएसआईसी ओखला, मोदी मिल फ्लाइओवर, चिराग दिल्ली, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, मथुरा रोड, आश्रम चौक व अंडरपास की महत्वपूर्ण सड़कों का निरीक्षण किया। अगले एक सप्ताह में दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की 1400 किमी सड़कों के एक-एक इंच का निरीक्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के बाद कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि महीने भर में शहर में पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को जरूरत के अनुसार युद्धस्तर पर रिपेयर किया जाए। हमारा प्रयास है कि, अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में दीपावली तक सभी दिल्लीवालों को गड्ढामुक्त सड़कें मिले। सीएम ने आगे कहा कि विरोधियों ने दिल्ली सरकार के काम रोकने की कोशिश की, नेताओं को जेल में डाला, लेकिन अब अरविंद केजरीवाल जी बाहर हैं और उनके मार्गदर्शन में दिल्लीवालों के सभी काम होंगे। वहीं दूसरी तरफ पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर मैंने और सौरभ भारद्वाज ने पूर्वी दिल्ली की कुछ सड़कों का निरीक्षण किया। हमने पाया कि कई सड़कें खराब हालत में हैं।

### सड़कों पर चल रहे काम का किया मुआयना



### भाजपा ने दिल्ली की सारी सड़कें बर्बाद कर दी : सिसोदिया

निरीक्षण के दौरान आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि कुछ जगहों पर काम चल रहा था और सड़क पिछले 7-8 महीनों से खोदी हुई थी। कुछ जगहों पर गड्ढे खुले पड़े हैं। हम इस पर काम करेंगे और सड़कों को ठीक किया जाएगा। भाजपा ने दिल्ली की जनता को परेशान करने के लिए दिल्ली की सारी सड़कें बर्बाद कर दी हैं।

### अब दिखावा करने के लिए सड़कों पर आ रहे : मनोज

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा दिल्ली में सड़कों की स्थिति का निरीक्षण करने पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कहा कि जो लोग 4.8 साल तक सोते रहे, वे अब दिखावा करने के लिए सड़कों पर आ रहे हैं। आगे कहा कि आतिशी ने साबित कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से बेकार मुख्यमंत्री थे क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने कभी सड़कों का निरीक्षण नहीं किया। दिल्ली की जनता अब इन लोगों को हमेशा के लिए भेज देगी क्योंकि दिल्ली की जनता समझ गई है कि चुनाव के समय ये सब मीठी-मीठी बातें करते हैं और अच्छे कदम उठाते हैं। दिल्ली की जनता इन्हें सजा देगी।

# पक्षकार पर भड़क गए सीजेआई चंद्रचूड़

» बोले- कोर्ट कोई कॉफी शॉप नहीं, रंजन गोगोई से जुड़ी याचिका पर लगाई फटकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता के अनौपचारिक लहजे पर आपत्ति जताई और पीठ को संबोधित करते हुए हाँ शब्द के इस्तेमाल पर असहमति व्यक्त की। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वादी द्वारा राहत न देने के लिए जज के खिलाफ इन हाउस जांट की मांग करने को लेकर आपति जताई। वादी ने याचिका में पूर्व सीजेआई रंजन गोगई को प्रतिवादी के रूप में पेश किया गया।

उन्होंने कहा कि याचिका मई 2018 में दायर की गई थी। याचिका पर आश्चर्य जताते हुए सीजेआई ने कहा कि आप जज को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ गरिमा होनी चाहिए। आप ये नहीं कह सकते कि मैं जज के खिलाफ इन हाउस जांच चाहता हूं। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि क्या यह अनुच्छेद 32 की याचिका है? आप प्रतिवादी के रूप में किसी न्यायाधीश के समक्ष जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ गरिमा होनी चाहिए।

### मुझे हां कहने वाले लोगों से थोड़ी एलर्जी है : चंद्रचूड़

सीजेआई ने कहा कि हां-हां मत कहो। यह कोई कॉफ़ी शॉप नहीं है। मुझे हाँ कहने वाले लोगों से थोड़ी एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने सवाल किया कि क्या यह मामला अनुच्छेद 32 की याचिका के लिए उपयुक्त है, जो मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए सर्वोच्च न्यायालय में सीधे अपील की अनुमति देता है।

# बीजेपी पार्षद के घर पर बदमाशों ने किया हमला

» पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। पार्षद संजय राठौर के घर पर हमला कर गाड़ी पर पथराव किया गया। बीजेपी पार्षद ने पुलिस पर कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया है। घटना गोमती नगर थाना क्षेत्र में हुआ है जहां बीजेपी पार्षद का घर है। ज्ञात हो कि राजीव गांधी प्रथम वार्ड से तीसरी बार संजय राठौर पार्षद बने हैं।

दबाव के बाद हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगे की कार्यवाही जांच के आधार पर होगी। ज्ञात हो कि पार्षद राठौड़ एक तेज तर्रार नेता है। सदन में भी वह अपनी बात बड़ी मजबूती से रखते है। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए भी राठौड़ हमेशा तैयार रहते हैं।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक संजय शर्मा द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। महाराष्ट्र कार्यालय :- 2 जी, कृष्णा कुटीर सागरिका CHS जुहू तारा रोड जुहू- मुंबई- 400049। संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार : सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार : संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट : हसन जैदी, दूरभाष : 0522- 4078371 । Email : daily4pm@gmail.com । website: www.4pm.co.in । RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।